सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-374**
28/08/2017

विधान पार्षद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा

पटना 28 अगस्त, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर विधान पार्षद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये विधान पार्षद श्री देवेश चन्द्र ठाकुर को धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******